CAREERINDIA

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ______________________

(Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

(Name) ______________________

**OMR Sheet No. :** ........................................................
(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No. ______________________
(In words)

# PAPER - II

**J 0 4 9 1 8**

# ARAB CULTURE AND ISLAMIC STUDIES

**Time : 2 hours]** **[Maximum Marks : 200**

Number of Pages in this Booklet : **32** Number of Questions in this Booklet : **100**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of hundred multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में सौ बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।
   **उदाहरण :** ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही प्रयोग करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।

www.careerindia.com

CAREERINDIA

# ARAB CULTURE AND ISLAMIC STUDIES
## PAPER - II

**Note :** This paper contains **hundred (100)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

1. Ghassan was under the suzerainty of :
   (1) Iraq (2) Iran (3) Yemen (4) Byzantium

2. Hubal the main deity of the Arabs during Pre-Islamic days was brought to Makkah from Syria by :
   (1) ʻAmr ibn Zuhair (2) ʻAmr ibn Luhayy
   (3) ʻAmr ibn Samawal (4) ʻAmr ibn al-ʼAbd

3. Ziyad ibn Muʻawiyah was the name of the Muʻallaqah writer :
   (1) Al-Nabighah al-Dhubyani (2) Imruʼul Qays
   (3) Al-Aʼsha (4) ʻAntarah ibn Shaddad

4. The Christian delegation that visited the Prophet came from :
   (1) Taʼif (2) Najran (3) Sanʻa (4) Tabuk

5. The companion of the Prophet who is credited with the Tafsir of a large number of the Quranic verses is :
   (1) Abu Bakr (2) Umar (3) Ushman (4) Ali

6. The direction of prayer at Madinah was changed to Kaʻbah.
   (1) Six months after the migration
   (2) Sixteen months after the migration
   (3) Twenty four months after the migration
   (4) After the conquest of Makkah

7. The deserts of al-Nufud and al-Rub ʻal-Khali are joined by a strip of red desert land called :
   (1) Al-Sahra al-Hamra (2) Al-Dahna
   (3) Al-Nafaq al-Ahmar (4) Al-Fam al-Saghir

8. Ayyam al-Tashriq fall in the month of :
   (1) Shaʼban (2) Ramadan
   (3) Shawwal (4) Dhi al-Hijjah

www.careerindia.com

CAREERINDIA

## अरब संस्कृति और इस्लामी अध्ययन

### प्रश्न-पत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्न-पत्र में **सौ (100)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

1. ग़स्सान किसके आधिपत्य में था ?
   (1) इराक (2) ईरान (3) यमन (4) बैज़न्टियम

2. इस्लाम पूर्व काल का अरबों का मुख्य देवता हुबल सीरिया से मक्का किसके द्वारा लाया गया ?
   (1) अम्र इब्न ज़ुहैर (2) अम्र इब्न लुहैय
   (3) अम्र इब्न समवल (4) अम्र इब्न अल-अब्द

3. ज़ियाद इब्न मुआविया किस मुअल्लक़ा लेखक का नाम था ?
   (1) अल-नाबिग़ह अल ज़ुबयानी (2) इमरु उल क़ैस
   (3) अल-ऑशा (4) अन्तरा इब्न शद्दाद

4. पैग़म्बर स. के पास आने वाला ईसाई प्रतिनिधिमंडल कहाँ से आया था ?
   (1) ताइफ़ (2) नजरान (3) सनअॅ (4) तबूक

5. वह सहाबी जिन्होंने सबसे ज्यादा क़ुरआन की आयतो की तफ़सीर को बयान किया :
   (1) अबू बक्र (2) उमर (3) उस्मान (4) अली

6. मदीने में नमाज़ की दिशा काबा की ओर कब परिवर्तित हुई थी :
   (1) हिजरत के छः महीने बाद
   (2) हिजरत के सोलह महीने बाद
   (3) हिजरत के चौबीस महीने बाद
   (4) मक्का की विजय के बाद

7. अल-नुफ़ूद और अल-रुब अल-ख़ाली के मरुस्थल एक लाल मरुस्थली पट्टी द्वारा जुड़े हैं, उसे कहा जाता है :
   (1) अल-सहरा अल-हमरा (2) अल-दहना
   (3) अल नफ़क़ अल-अहमर (4) अल-फ़म अल-सग़ीर

8. अय्यामुल तशरीक़ किस महीने में होते हैं ?
   (1) शाबान (2) रमज़ान
   (3) शव्वाल (4) ज़िल हिज्जह

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**9.** After the conquest of Makkah, its first governor that was appointed by the Prophet was :

(1) Talhah (2) Harith ibn Hisham

(3) Abu Sufyan (4) ‘Attab ibn Usayd

**10.** The Jews of Khaybar were allowed to remain in possession of their lands on the payment of :

(1) 1/10 of the produce (2) 1/5 of the produce

(3) 1/4 of the produce (4) 1/2 of the produce

**11.** One of the following incidents is described in the Qur’an as ‘‘a clear victory :

(1) Pact of Madinah (Mithaq Madinah)

(2) Conquest of Khaybar

(3) Treaty of Hudaybiyyah

(4) Conquest of Makkah

**12.** The Tahwil (Change) of Qiblah is mentioned in the Surah :

(1) Al-Baqarah (2) Al-Tahrim (3) Al-Taghabun (4) Al-Hadid

**13.** Identify the commentator of the Qur’an who belonged to Madinite School of Tafsir.

(1) Masruq ibn al-Ajda’ (2) Ta’us ibn Kaysan

(3) Muhammad ibn Ka’b (4) Sa‘id ibn Jubair

**14.** This question consists of three statements. Indicate the **correct** answer from the alternatives given below by using the code :

(a) In affairs such as various financial transactions, making a will and acquiring a small loan, the parties involved should not write down a document.

(b) Gambling and interest are some horrendous forms of usurpation.

(c) The wealth of every Muslim must necessarily be distributed after his demise amongst his heirs as per the instructions given in the Qur’an.

**Code :**

(1) (b) and (c) are correct, but (a) is wrong.

(2) (a) is correct, but (b) and (c) are wrong.

(3) (b) is correct, but (a) and (c) are wrong.

(4) (c) is correct, but (a) and (b) are wrong.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

9. मक्का की विजय के बाद पैग़म्बर स. ने किसे मक्का का पहला गवर्नर नियुक्त किया था ?
   (1) तल्हा (2) हारिस इब्न हिशाम
   (3) अबू सुफ़्यान (4) अत्ताब इब्न उसैद

10. ख़ैबर के यहूदियों को अपनी जमीन पर काबिज रहने के लिए कितना भुगतान करना था ?
   (1) पैदावार का 1/10 (2) पैदावार का 1/5
   (3) पैदावार का 1/4 (4) पैदावार का 1/2

11. निम्नलिखित घटनाओं में किसे क़ुरआन में 'पूर्ण विजय' कहा गया है ?
   (1) मदीने का समझौता (मीसाक़ मदीना)
   (2) ख़ैबर की विजय
   (3) हुदैबिया की संधि
   (4) मक्का की विजय

12. क़िबले की तब्दीली का ज़िक्र क़ुरआन की किस सूरह में है ?
   (1) अल-बक़रह (2) अल-तहरीम (3) अल-तग़ाबुन (4) अल-हदीद

13. क़ुरआन के व्याख्याकार को चिन्हित करें जो तफ़सीर के मदनी स्कूल से संबंधित है।
   (1) मसरूक़ इब्न अल-अज्दा (2) ताऊस इब्न केसान
   (3) मुहम्मद इब्न कअ़ब (4) सईद इब्न जुबैर

14. इस प्रश्न में तीन कथन हैं। नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए विकल्पों में से **सही** उत्तर दीजिए :
   (a) विभिन्न वित्तीय लेन-देन, वसीयत बनाने और छोटा ऋण लेने जैसे मामलों में शामिल लोगों को लिखित प्रमाण नहीं लिखना चाहिए।
   (b) जुआ और सूद अनाधिकार ग्रहण के भयानक प्रकार हैं।
   (c) क़ुरआन में दिये गये निर्देशों के अनुसार प्रत्येक मुस्लिम की दौलत उसके मरने के बाद आवश्यक रूप से उसके उत्तराधिकारियों में वितरित कर दी जाय।

   **कूट :**
   (1) (b) और (c) सही हैं, लेकिन (a) गलत है।
   (2) (a) सही है, लेकिन (b) और (c) गलत हैं।
   (3) (b) सही है, लेकिन (a) और (c) गलत हैं।
   (4) (c) सही है, लेकिन (a) और (b) गलत हैं।

www.careerindia.com

CAREERINDIA

15. Which of the following is **not** correctly matched ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | Sir Syed Ahmad Khan | - | Tafsir al-Qur'an wa Huwa al-Huda wa al-Furqan |
| (2) | Abul Ala Maududi | - | Tafhim al-Qur'an |
| (3) | Abul Kalam Azad | - | Ruh al-Ma'ani |
| (4) | Ashraf Ali Thanvi | - | Bayan al-Qur'an |

16. Which of the following is **correctly** matched ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | Ibn Jarir al-Tabari | - | Al-Siraj al-Munir |
| (2) | Fakhr al-Din al-Razi | - | Mafatih al-Ghaib |
| (3) | Al-Zamakhshari | - | Al-Kashf wa al-Bayan 'An Tafsir al-Qur'an |
| (4) | Ibn Kathir | - | Al-Bahr al-Muhit |

17. One who is **not** included among the seven eminent jurists belonging to Tabi 'een.

(1) Qasim ibn Abdullah (2) Khalid ibn Ma'dan
(3) Sa'id ibn Musayyib (4) Sulaiman ibn Yasar

www.careerindia.com

18. This question consists of three statements. Indicate **correct** answer from the alternatives given below :

(a) The Zanadiqah have fabricated a large number of traditions in the name of the Prophet.
(b) Ahmad ibn Hanbal has said that Hadith and Tafsir had been more affected by forgery than any other branch of literature.
(c) Imam Bukhari selected 12,000 genuine traditions from the collection of 1,00,000 traditions in circulation.

**Code :**

(1) (a) is correct, but (b) and (c) are wrong.
(2) (a) and (c) are correct, but (b) is wrong.
(3) (a) and (b) are correct, but (c) is wrong.
(4) (b) and (c) are correct, but (a) is wrong.

19. Arrange the following books in order they appeared. Use the code given below :

(a) Sunan Abi Daud
(b) Musnad Ahmad ibn Hanbal
(c) Sahih Muslim
(d) Muwatta Imam Malik

**Code :**

(1) (a), (c), (b), (d) (2) (b), (d), (a), (c)
(3) (d), (b), (c), (a) (4) (c), (a), (d), (b)

15. निम्नलिखित में से कौन सी जोड़ी सही **नहीं** है ?

(1) सर सैयद अहमद ख़ाँ - तफ़सीर अल-क़ुरआन वा हुवा अल-हुदा वा अल-फ़ुरक़ान

(2) अबुल आला मौदूदी - तफ़हीम अल-क़ुरआन

(3) अबुल कलाम आज़ाद - रुह अल-मआनी

(4) अशरफ़ अली थानवी - बयान अल-क़ुरआन

16. निम्नलिखित में से कौन-सी जोड़ी **सही** है ?

(1) इब्न जरीर अल-तबरी - अल-सिराज अल-मुनीर

(2) फ़ख़्र अल-दीन अल-राज़ी - मफ़ातीह अल-ग़ैब

(3) अल-ज़मख़्शरी - अल-कश्फ़ वा अल-बयान अन तफ़सीर अल-क़ुरआन

(4) इब्न कसीर - अल-बहर अल-मुहीत

17. सात प्रमुख फ़कीहों में ताबिईन से इनमें से कौन संबंधित **नहीं** है ?

(1) क़ासिम इब्न अब्दुल्लाह
(2) ख़ालिद इब्न मअदान
(3) सईद इब्न मुसैय्यिब
(4) सुलेमान इब्न यसर

18. इस प्रश्न में तीन कथन हैं। नीचे दिये गये विकल्पों में से **सही** उत्तर चिन्हित कीजिए :

(a) ज़न्दक़ियों ने बड़ी मात्रा में पैग़म्बर स. के नाम से हदीसें गढ़ ली थी।

(b) अहमद इब्न हंबल ने कहा कि हदीस और तफ़सीर साहित्य की किसी अन्य शाखा की अपेक्षा जालसाजी से अधिक प्रभावित थी।

(c) इमाम बुख़ारी ने 1,00,000 हदीसों के प्रचलित संकलन में से 12,000 वास्तविक हदीसों को चुना।

**कूट :**

(1) (a) सही है, लेकिन (b) और (c) ग़लत हैं।

(2) (a) और (c) सही हैं, लेकिन (b) ग़लत है।

(3) (a) और (b) सही हैं, लेकिन (c) ग़लत है।

(4) (b) और (c) सही हैं, लेकिन (a) ग़लत है।

19. निम्नलिखित पुस्तकों को उनके प्रकाशन के क्रम में व्यवस्थित कीजिए नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कीजिए :

(a) सुनन अबी दाउद

(b) मुसनद अहमद इब्न हंबल

(c) सही मुस्लिम

(d) मुवत्ता इमाम मालिक

**कूट :**

(1) (a), (c), (b), (d)
(2) (b), (d), (a), (c)
(3) (d), (b), (c), (a)
(4) (c), (a), (d), (b)

www.careerindia.com

CAREERINDIA

20. The companion who used to teach Fiqh at the mosque of al-Kufah during the Umar's caliphate was :

(1) Zaid ibn Harith  (2) Mu'adh ibn Jabal

(3) Abdullah ibn Mas'ud  (4) Abu Musa Ash'ari

21. During the Caliphate of Abu Bakr, those who refused to pay Zakat belonged to the tribes in :

(1) Fustat  (2) Halab  (3) Yaman  (4) Hudaibiyah

22. Match the following. Identify the **correct** answer and mark the same in the code given below :

| | List-I | | List-II |
|---|---|---|---|
| (a) | Saqifah Bani Sa'idah | (i) | Musaylamah |
| (b) | Banu Hanifah | (ii) | Sa'ad ibn 'Ubadah |
| (c) | 'Atiq | (iii) | Aswad 'Ansi |
| (d) | Yaman | (iv) | Abdullah ibn Abi Qahafah |

**Code :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

23. 'The Muslim women (Protection of Rights on Divorce) Act' was passed in :

(1) 1970 A.D.  (2) 1975 A.D.  (3) 1980 A.D.  (4) 1986 A.D.

24. Arrange the following Sufis in chronological order. Use the code given below :

(a) Fariduddin Ganjshakar

(b) Burhanuddin Gharib

(c) Nizamuddin Awliya

(d) Muinuddin Chishti

**Code :**

(1) (a), (c), (b), (d)  (2) (c), (b), (a), (d)

(3) (d), (a), (c), (b)  (4) (b), (a), (d), (c)

www.careerindia.com

CAREERINDIA

20. हज़रत उमर की ख़िलाफ़त के दौरान क़ूफा की मस्जिद में फ़िक्ह पढ़ाने वाले सहाबी का नाम था :
(1) ज़ैद इब्न हारिस (2) मआज़ इब्न जबल
(3) अब्दुल्लाह इब्न मसूद (4) अबू मूसा अशअरी

21. अबू बक्र की ख़िलाफ़त के दौरान ज़कात देने से मना करने वाले क़बीले कहाँ से संबंधित थे ?
(1) फ़ुस्तात (2) हलब (3) यमन (4) हुदैबिया

22. निम्नलिखित को सुमेलित करें। **सही** उत्तर को चिह्नित कीजिए तथा उसे नीचे दिये गये कूट में से चुनें :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | सक़ीफ़ा बनी साइदह | (i) | मुसैलमा |
| (b) | बनू हनीफ़ा | (ii) | सअद इब्न उबादा |
| (c) | अतीक़ | (iii) | अस्वद अन्सी |
| (d) | यमन | (iv) | अब्दुल्लाह इब्न अबी क़हाफ़ा |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

23. 'मुस्लिम महिला (तलाक पर संरक्षण का अधिकार) अधिनियम' कब पारित हुआ था ?
(1) 1970 ई. (2) 1975 ई. (3) 1980 ई. (4) 1986 ई.

24. नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित सूफ़ियों को कालानुसार व्यवस्थित कीजिए :
(a) फ़रीदुद्दीन गंजशकर
(b) बुरहानुद्दीन ग़रीब
(c) निज़ामुद्दीन औलिया
(d) मुईनुद्दीन चिश्ती

**कूट :**
(1) (a), (c), (b), (d) (2) (c), (b), (a), (d)
(3) (d), (a), (c), (b) (4) (b), (a), (d), (c)

www.careerindia.com

25. Arrange the following Caliphs in chronological order. Use the code given below :

(a) Al-Walid II

(b) Umar Ibn Abdul Aziz

(c) Abdul Malik

(d) Sulayman

**Code :**

(1) (a), (c), (d), (b) (2) (b), (d), (a), (c)

(3) (c), (d), (b), (a) (4) (d), (c), (a), (b)

26. One of the following is **not** counted among the four political geniuses of the Arab Muslims :

(1) Al-Mughirah Ibn Shu'bah (2) Abu Musa al-Ashari

(3) 'Amr Ibn al-'Ās (4) Mu'awiyah

27. The Naqshbandi Sufi order was established in India by :

(1) Muinuddin Chishti (2) Fariduddin Ganjshakar

(3) Bahauddin Zakariya (4) Baqi Billah

28. Al-Khalil Ibn Ahmad is credited with having compiled the first :

(1) Arabic travelogue (2) Arabic dictionary

(3) Arabic grammar (4) Arabic history

29. The population under the Umayyads was divided into :

(1) Two social classes (2) Three social classes

(3) Four social classes (4) Five social classes

30. One of the following Caliphs was known as the fifth rightly guided caliph :

(1) Al-Walid (2) Umar bin Abdul Aziz

(3) Sulayman (4) Hisham

31. The famous Abbasid poet Abul Atahiyah died in Baghdad in the reign of :

(1) Mahdi (2) Harun Rashid (3) Amin (4) Mamun

32. Arrange the following Umayyad rulers in chronological order. Use the code given below :

(a) Al-Walid (b) Mu'awiyah (c) Marwan (d) Hisham

**Code :**

(1) (a), (b), (d), (c) (2) (b), (c), (a), (d)

(3) (d), (b), (c), (a) (4) (c), (d), (b), (a)

www.careerindia.com

CAREERINDIA

25. निम्नलिखित खलीफाओं को कालानुसार व्यवस्थित कीजिए। नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कीजिए :
(a) अल-वलीद II
(b) उमर इब्न अब्दुल अज़ीज़
(c) अब्दुल मलिक
(d) सुलैमान
**कूट :**
(1) (a), (c), (d), (b)
(2) (b), (d), (a), (c)
(3) (c), (d), (b), (a)
(4) (d), (c), (a), (b)

26. अरब मुस्लिमों के चार राजनीतिक प्रतिभाशालियों में निम्नलिखित में से कौन **नहीं** गिना जाता है ?
(1) अल-मुग़ीरह इब्न शोबॉ
(2) अबू मूसा अल-अशअरी
(3) अम्र इब्न अल-ऑस
(4) मुआविया

27. भारत में नक़्शबन्दी सूफ़ी सिलसिला किसके द्वारा स्थापित हुआ ?
(1) मुईनुद्दीन चिश्ती
(2) फ़रीदुद्दीन गंजशकर
(3) बहाउद्दीन ज़करिया
(4) बाक़ी बिल्लाह

28. अल-ख़लील इब्न अहमद को किसके सर्वप्रथम संकलन का श्रेय जाता है ?
(1) अरबी सफ़रनामा
(2) अरबी शब्दकोश
(3) अरबी व्याकरण
(4) अरबी इतिहास

29. उमवियों के अंतर्गत जनसंख्या बँटी हुई थी :
(1) दो सामाजिक वर्गों में
(2) तीन सामाजिक वर्गों में
(3) चार सामाजिक वर्गों में
(4) पाँच सामाजिक वर्गों में

30. निम्नलिखित ख़लीफ़ाओं में से किसे पाँचवां राशिदी ख़लीफ़ा कहा जाता था ?
(1) अल-वलीद
(2) उमर बिन अब्दुल अज़ीज़
(3) सुलेमान
(4) हिशाम

31. प्रसिद्ध अब्बासी कवि अबुल अताहिया की मृत्यु बग़दाद में किसके शासनकाल में हुई ?
(1) महदी (2) हारुन रशीद (3) अमीन (4) मामून

32. निम्नलिखित उमवी शासकों को कालानुसार व्यवस्थित कीजिए। नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कीजिए :
(a) अल-वलीद (b) मुआविया (c) मरवान (d) हिशाम
**कूट :**
(1) (a), (b), (d), (c)
(2) (b), (c), (a), (d)
(3) (d), (b), (c), (a)
(4) (c), (d), (b), (a)

www.careerindia.com

CAREERINDIA

33. The revolt that toppled the Umayyad dynasty was led by :
(1) Abu Muslim al-Khurasani
(2) Sharik Ibn Shaikh al-Mahri
(3) Ziyad Ibn Salih
(4) Al-Qahir Billah

34. The Caliphate of Uthman lasted during the period :
(1) 634 - 644 A.D.
(2) 632 - 634 A.D.
(3) 644 - 656 A.D.
(4) 656 - 660 A.D.

35. The Umayyad empire reached its greatest expansion during the reigns of :
(1) Mu'awiyah and Yazid
(2) Al-Walid and Hisham
(3) Yazid and Marwan
(4) Mu'awiyah II and Abdul Malik

36. The first Abbasid Caliph to resume holy war against the Byzantines was :
(1) Abu Jafar al-Mansur
(2) Al-Mahdi
(3) Al-Amin
(4) Al-Mamun

37. The foundation stone of the Abbasid capital Baghdad was laid by :
(1) Abul Abbas al-Saffah
(2) Abu Ja'far al-Mansur
(3) Mahdi
(4) Hadi

38. Arrange the following Caliphs in chronological order. Use the code given below :
(a) Harun Rashid
(b) Al-Mahdi
(c) Al-Mutawakkil
(d) Al-Wathiq

**Code :**
(1) (a), (c), (b), (d)
(2) (c), (b), (a), (d)
(3) (d), (c), (b), (a)
(4) (b), (a), (d), (c)

39. Abu Tammam is best known in Arabic literature for his :
(1) Travel writings
(2) Compilation of the rules of Arabic Prosody
(3) Compilation of Diwanul Hamasah
(4) Tafsir writings

www.careerindia.com

CAREERINDIA

33. वह विद्रोह किसके नेतृत्व में हुआ था जिसने उमवी राजवंश का तख़्ता पलट किया :

(1) अबू मुस्लिम अल-ख़ुरासानी
(2) शारिक इब्न शेख़ अल-महरी
(3) ज़ियाद इब्न सालिह
(4) अल-क़ाहिर बिल्लाह

34. ख़लीफ़ा उस्मान का शासनकाल था :

(1) 634 - 644 ई.
(2) 632 - 634 ई.
(3) 644 - 656 ई.
(4) 656 - 660 ई.

35. उमवी शासन को किसके शासनकाल में सबसे अधिक विस्तार मिला ?

(1) मुआविया और यज़ीद
(2) अल वलीद और हिशाम
(3) यज़ीद और मरवान
(4) मुआविया II और अब्दुल मलिक

36. बैज़न्तीनियों के विरुद्ध युद्ध सर्वप्रथम किस अब्बासी ख़लीफ़ा ने पुन: आरंभ किया था ?

(1) अबू जाफ़र अल-मंसूर
(2) अल-महदी
(3) अल-अमीन
(4) अल-मामून

37. अब्बासियों की राजधानी बग़दाद की आधारशिला किसके द्वारा रखी गई थी ?

(1) अबुल अब्बास अल-सफ़्फ़ाह
(2) अबू जाफ़र अल-मंसूर
(3) महदी
(4) हादी

38. निम्नलिखित ख़लीफ़ाओं को कालानुसार व्यवस्थित कीजिए। नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कीजिए :

(a) हारुन रशीद
(b) अल-महदी
(c) अल मुतवक्किल
(d) अल वासिक़

**कूट :**

(1) (a), (c), (b), (d)
(2) (c), (b), (a), (d)
(3) (d), (c), (b), (a)
(4) (b), (a), (d), (c)

39. अरब साहित्य में अबू तम्माम अपने किस कार्य के लिए प्रसिद्ध है ?

(1) यात्रा वृत्तांत
(2) अरबी छंद के नियमों का संकलन
(3) दीवानुल हमासा का संकलन
(4) तफ़सीर लेखन

www.careerindia.com

CAREERINDIA

40. The Palaces of the Barmakids were built at :

(1) Al-Shammasiyah (2) Samarra

(3) Raqqah (4) Kufah

41. The last Abbasid Caliph at Baghdad was :

(1) Al-Nasir (2) Al-Zahir

(3) Al-Musta'sim (4) Al-Mustansir

42. In the first pledge of Aqabah, the number of disciples from Yathrib was :

(1) eight (2) ten (3) twelve (4) fifteen

43. Which of the following is **correctly** matched ?

(1) Tulunids - Saif al Dawlah

(2) Hamadanids - Saīd al Dawlah

(3) Idrisids - Abdul Rahman bin Rustam

(4) Tahirids - Nasir al Din

44. The founder of the Aghlabid dynasty was :

(1) Ibrahim bin Aghlab (2) Ziyadatullah Aghlabi

(3) Abu Iqal Aghlab (4) Abul Abbas Muhammad Aghlabi

45. Fas (Morocco) was the capital of :

(1) Ikhshidis (2) Tulunids (3) Aghlabids (4) Idrisids

46. Which one of the following is **not** correctly matched ?

(1) Al Suyuti - Abbasid

(2) Aziz Jamal al Din Yusuf - Mamluk

(3) Al Zahir - Fatimid

(4) Rudki - Samanid

47. The official language of Saljuqs was :

(1) Arabic (2) Persian (3) Turkish (4) Pashto

www.careerindia.com

CAREERINDIA

40. बर्मकियों के महल कहाँ बने थे ?

(1) अल-शम्मासीयह (2) सामर्रा

(3) रक़्क़ह (4) कूफ़ा

41. बग़दाद का अंतिम अब्बासी ख़लीफ़ा कौन था ?

(1) अल-नासिर (2) अल-ज़ाहिर

(3) अल-मुस्तासिम (4) अल-मुस्तंसिर

42. अक़बा की प्रथम बैअत (संकल्प) में यसरिब से कितने शिष्य शामिल थे ?

(1) आठ (2) दस (3) बारह (4) पंद्रह

43. निम्नलिखित में से कौन सी जोड़ी **सही** है ?

(1) तूलूनी - सैफ़ुद्दौला

(2) हमदानी - सईदुद्दौला

(3) इदरीसी - अब्दुर्रहमान बिन रुस्तम

(4) ताहिरी - नसीरुद्दीन

44. अग़लबी शासन का संस्थापक था :

(1) इब्राहिम बिन अग़लब (2) ज़ियादतुल्लाह अग़लबी

(3) अबू इक़ाल अग़लब (4) अबू अब्बास मुहम्मद अग़लबी

45. फ़ास (मोरक्को) राजधानी थी :

(1) इख़शीदियों की (2) तूलूनियों की (3) अग़लबियों की (4) इदरीसियों की

46. निम्नलिखित में से कौन सी जोड़ी सही **नहीं** है ?

(1) अल-सुयूती - अब्बासी

(2) अज़ीज जमालुद्दीन यूसुफ़ - ममलूक

(3) अल जाहिर - फ़ातिमी

(4) रुदकी - सामानी

47. सल्जूक़ों की आधिकारिक भाषा थी :

(1) अरबी (2) फ़ारसी (3) तुर्की (4) पश्तो



www.careerindia.com

CAREERINDIA

48. Which one of the following is **correctly** matched ?

(1) Fatimids - 909 - 1150 A.D.

(2) Zangids - 1127 - 1262 A.D.

(3) Ayyubids - 1171 - 1250 A.D.

(4) Mamluks - 1250 - 1470 A.D.

49. The first Burji Mamluk sultan was :

(1) Aybak
(2) Al Zahir Saif al Din Barquq
(3) Al Ashraf Saif al Din
(4) Al Nasir al Din Faraj

50. Fatimids shifted their capital from Mahdia to Cairo in the year :

(1) 968 A.D. (2) 970 A.D. (3) 973 A.D. (4) 977 A.D.

51. The last Caliph of Fatimid dynasty was :

(1) Al Mustali (2) Al Mustansir (3) Al Zafir (4) Al Ādid

52. Shaikh Safiuddin the founder of the Safaviyah *tariqah* was the disciple and *Khalifah* of :

(1) Abdul Qadir Gilani
(2) Abul Hasan al-Junaid
(3) Shah Ni'matullah Wali Kirmani
(4) Shaikh Zahid Gilani

53. The elements of the doctrine of incarnation are traceable among the :

(1) Babis (2) Zaidis (3) Hanafis (4) Malikis

54. The $8^{th}$ Imam of 'Ithna Ashari' Shii Sect was :

(1) Musa Kazim
(2) Ali Zaynul Abidin
(3) Ali al-Riḍa
(4) Ali al-Hadi

55. The Iranian scholar who authored the book under the title *Islamology* was :

(1) Mulla Sadra
(2) Ali Shariati
(3) Ayatullah Khomaini
(4) Rafsanjani

www.careerindia.com

CAREERINDIA

48. निम्नलिखित में से कौन सी जोड़ी **सही** है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | फ़ातिमी | - | 909 - 1150 ई. |
| (2) | ज़ंगी | - | 1127 - 1262 ई. |
| (3) | अय्यूबी | - | 1171 - 1250 ई. |
| (4) | ममलूक | - | 1250 - 1470 ई. |

49. प्रथम बुर्जी ममलूक सुल्तान (शासक) था :

(1) ऐबक
(2) अल ज़ाहिर सैफ़ुद्दीन बरक़ूक़
(3) अल अशरफ़ सैफ़ुद्दीन
(4) अल नासिरुद्दीन फ़रज

50. फातिमियों ने अपनी राजधानी मेहदिया से क़ाहिरा किस वर्ष परिवर्तित की ?

(1) 968 ई.
(2) 970 ई.
(3) 973 ई.
(4) 977 ई.

51. फ़ातिमी शासन काल के अन्तिम शासक थे :

(1) अल मुस्ताली
(2) अल मुस्तंसिर
(3) अल ज़ाफ़िर
(4) अल आज़िद

52. सफ़विया तरीक़े के संस्थापक शेख सफ़ीउद्दीन किसके शिष्य और ख़लिफ़ा थे ?

(1) अब्दुल क़ादिर गीलानी
(2) अबुल हसन अल जुनैद
(3) शाह नेमतुल्लाह वली किरमानी
(4) शेख ज़ाहिद गीलानी

53. अवतार के सिद्धांत के तत्त्व इनमें से किसमें पाये जाते हैं ?

(1) बाबी
(2) ज़ैदी
(3) हनफ़ी
(4) मालिकी

54. शियामत 'इस्ना अशरी' के 8वें इमाम थे :

(1) मूसा काज़िम
(2) अली ज़ैनुल आबिदीन
(3) अली अल-रिज़ा
(4) अली अल-हादी

55. इस्लामोलॉजी शीर्षक पुस्तक किस ईरानी विद्वान ने लिखी थी ?

(1) मुल्ला सदरा
(2) अली शरीअती
(3) आयतुल्लाह खोमैनी
(4) रफ़्सन्जानी

www.careerindia.com

CAREERINDIA

56. Which of the following is **correctly** matched ?

(1) Revolution of 1979 - Ayatullah Khomaini

(2) Ghulaman Forces - Shah Ismail

(3) Qizilbashi Forces - Shah Abbas

(4) Janisari Forces - Bayazid-I

57. The founder of Ghaznavid dynasty was :

(1) Murad I (2) Subuktigin

(3) Mahmud Ghaznavi (4) Ismail

58. The author of 'al-Fasl fi al-Milal wa al-Ahwa wa al-Nihal was :

(1) Ibn Bajjah (2) Ibn Hazm

(3) Ibn Rushd (4) Ibn al-Baytar

59. The Khawarij were annihilated in the battle of :

(1) Jamal (2) Qadisiyyah (3) Jisr (4) Nahrawan

60. Nawab Siddiq Hasan Khan was the author of :

(1) *Kitab al-Tawhid* (2) *Parda*

(3) *Ithaf al-Nubala al-Muttaqin* (4) *Tadwin-i-hadith*

61. The concept of 'Hukumat-i Ilahiya' was propounded in the Indian subcontinent by :

(1) Tayyib Qasmi (2) Qasim Nanawtawi

(3) Abul Atā' Maududi (4) Anwar Shah Kashmiri

62. In the initial stage the first 'Zawiyah' of the Sanusi movement was established at :

(1) Egypt (2) Makkah

(3) Madinah (4) Libya

63. Musa ibn Nusair was recalled on the charge of insubordination by the Caliph :

(1) Al-Walid ibn Abdul Malik (2) Sulayman ibn Abdul Malik

(3) Marwan ibn Abdul Malik (4) Hisham ibn Abdul Malik

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**56.** निम्नलिखित में से कौन सी जोड़ी **सही** है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | 1979 की क्रांति | - | आयतुल्लाह ख़ोमैनी |
| (2) | ग़ुलामान सेनाएँ | - | शाह इस्माइल |
| (3) | क़िज़िलबाशी सेनाएँ | - | शाह अब्बास |
| (4) | जानिसारी सेनाएँ | - | बायज़ीद-I |

**57.** ग़जनवी शासन का संस्थापक कौन था ?

(1) मुराद I
(2) सुबुक्तिगीन
(3) महमूद ग़जनवी
(4) इस्माईल

**58.** 'अल-फ़स्ल फ़ी अल-मिलल वा अल-अहवा वा अल-निहल' के लेखक थे :

(1) इब्न बाज्जह
(2) इब्न हज़्म
(3) इब्न रुश्द
(4) इब्न अल-बैतार

**59.** ख़वारिज किस युद्ध में नेस्तनाबूत हुए थे ?

(1) जमल
(2) क़ादिसिया
(3) जिस्र
(4) नहरवान

**60.** नवाब सिद्दीक़ हसन खान लेखक थे :

(1) *किताबुल तौहीद*
(2) *पर्दा*
(3) *इत्हाफ़ अल नुबला अल-मुत्तक़ीन*
(4) *तद्वीन-ए-हदीस*

**61.** भारतीय उपमहाद्वीप में 'हुकमत-ए इलाहिया' की संकल्पना किसने प्रतिपादित की थी ?

(1) तैय्यिब क़ासमी
(2) क़ासिम नानौतवी
(3) अबुल अता मौदूदी
(4) अनवर शाह कश्मीरी

**62.** आरंभिक अवस्था में सनूसी आंदोलन का पहला 'ज़ाविया' कहाँ स्थापित हुआ था :

(1) मिस्र
(2) मक्का
(3) मदीना
(4) लीबिया

**63.** अवहेलना के आरोप में मूसा इब्न नुसैर को किस ख़लीफ़ा ने वापस बुलाया था ?

(1) अल-वलीद इब्न अब्दुल मलिक
(2) सुलेमान इब्न अब्दुल मलिक
(3) मरवान इब्न अब्दुल मलिक
(4) हिशाम इब्न अब्दुल मलिक

www.careerindia.com

CAREERINDIA

64. The Muslim army commandar who belonged to Berber race was :

(1) Muhammad ibn Qasim
(2) Qutaibah ibn Muslim
(3) Tariq ibn Ziyad
(4) Uqba ibn Nafi

65. Which one of the following is **correctly** matched ?

(1) Banu Nasr - Constantinople
(2) Banu Abbad - Aleppo
(3) Muwahhids - Damascus
(4) Almoravids - South Spain

66. Arrange the rule of the following Amirs of Cordova chronologically. Use the code given below :

(a) Al-Hakam I
(b) Hisham I
(c) Abd al-Rahman III
(d) Al-Mundhir

**Code :**

(1) (c), (b), (d), (a)
(2) (a), (b), (c), (d)
(3) (d), (a), (c), (b)
(4) (b), (a), (d), (c)

67. Read the following statements carefully and identify the **wrong** statement :

(1) Abdur Rahman - I was the grandson of Hisham, the tenth Caliph of Damascus.
(2) The Capital of Umayyad rule of Spain was Cordova.
(3) Nuruddin Abu Ishaq al-Bitrūji was an Abbasid astronomer.
(4) Al-Baytar was the botanist and pharmacist of Spain.

68. The question consists of four statements. Indicate the **correct** answer from the alternatives given below :

(a) Abdur Rahman - II ruled from 822 A.D. to 852 A.D.
(b) He was the $8^{th}$ ruler of the Umayyad Kingdom of Spain.
(c) He was later surnamed as 'Al-Amin'.
(d) He was a zealous patron of music and astronomy.

**Code :**

(1) (a) and (d) are correct, but (b) and (c) are wrong.
(2) (a) and (c) are correct but (d) and (b) are wrong.
(3) (d) is correct but (a), (b) and (c) are wrong.
(4) (c) and (b) are correct but (a) and (d) are wrong.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

64. कौन से मुस्लिम सेना कमान्डर बरबर प्रजाति से सम्बन्धित थे ?

(1) मुहम्मद इब्न क़ासिम
(2) क़ुतैबाह इब्न मुस्लिम
(3) तारिक़ इब्न ज़ियाद
(4) उक़बा इब्न नाफ़े

65. निम्नलिखित में से कौन सी जोड़ी **सही** है ?

(1) बनू नस्र - कुसतुन्तुनिया
(2) बनू अब्बाद - अलिप्पो
(3) मुवह्हिदीन - दमिश्क़
(4) अलमुराबितीन - दक्षिण स्पेन

66. निम्नलिखित क़ुर्तुबा के अमीरों (शासकों) को कालानुसार क्रमबद्ध कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करें :

(a) अल-हकम I
(b) हिशाम I
(c) अब्द अल रहमान III
(d) अल मुनज़िर

**कूट :**

(1) (c), (b), (d), (a)
(2) (a), (b), (c), (d)
(3) (d), (a), (c), (b)
(4) (b), (a), (d), (c)

67. निम्नलिखित कथनों को सावधानी से पढ़िये और **ग़लत** कथन को चिह्नित कीजिए :

(1) अब्दुर्रहमान – I दमिश्क़ के दसवें ख़लीफ़ा हिशाम का पोता था।
(2) स्पेन में उमवी शासन की राजधानी क़ुर्तुबा थी।
(3) नुरुद्दीन अबू इस्हाक़ अल-बितरूजी एक अब्बासी खगोलशास्त्री था।
(4) अल-बैतार स्पेन का वनस्पतिशास्त्री और औषधिशास्त्री था।

68. इस प्रश्न में चार कथन हैं। नीचे दिये गये विकल्पों में से **सही** उत्तर दीजिए :

(a) अब्दुर्रहमान – II ने 822 ई. से 852 ई. तक शासन किया।
(b) वह स्पेन के उमवी शासन का 8वाँ शासक था।
(c) उसको बाद में 'अल-अमीन' की पदवी दी गई।
(d) वह संगीत और खगोलशास्त्र का उत्साही संरक्षक था।

**कूट :**

(1) (a) और (d) सही हैं लेकिन (b) और (c) ग़लत हैं।
(2) (a) और (c) सही हैं लेकिन (d) और (b) ग़लत हैं।
(3) (d) सही है लेकिन (a), (b) और (c) ग़लत हैं।
(4) (c) और (b) सही हैं लेकिन (a) और (d) ग़लत हैं।

www.careerindia.com

CAREERINDIA

69. The Ottoman dynasty was established in the year :

(1) 1300 A.D. (2) 1289 A.D. (3) 1299 A.D. (4) 1257 A.D.

70. Sulaiman the magnificent was known to his people by the honorific title of :

(1) Nishanchī (2) Al-Qanūni

(3) Al-Shaikh al-Ra'īs (4) Al-Mu'allim al-Thani

71. Which one of the following is **not** correctly matched ?

(1) Conquest of Constantinople - 1453 A.D.

(2) Hat-i Sharif-i Gulhane - 1839 A.D.

(3) Abolition of Caliphate - 1924 A.D.

(4) Conquest of Egypt by Salim-I - 1671 A.D.

72. The question contains four statements. Indicate the **correct** answer from the alternatives given below :

(a) Amir Hasan Alā'Sijzi was the *Khalifah* of Shaikh Nizamuddin Awliya.

(b) The Shrine of Gesudaraz is located at Bidar.

(c) Burhan-al-Din Gharib was the *Khalifah* of Shaikh Nasiruddin Chiragh of Delhi.

(d) *Khairul Majalis* is the *malfuzat* of Shaikh Nasiruddin Chiragh of Delhi.

**Code :**

(1) (a) and (b) are correct but (c) and (d) are wrong.

(2) (a) and (d) are correct but (b) and (c) are wrong.

(3) (d) and (b) are correct but (a) and (c) are wrong.

(4) (b) and (a) are correct but (d) and (c) are wrong.

73. The most distinguished architect that Turkey produced was :

(1) Al-Bayāsi (2) Hunayn ibn Ishaq

(3) Al-Mawsili (4) Sinān

74. Ismat Inono was the Prime Minister of :

(1) Turkey (2) Algeria (3) Egypt (4) Spain

www.careerindia.com

69. उस्मानी शासन किस वर्ष स्थापित हुआ था :

(1) 1300 ई. (2) 1289 ई. (3) 1299 ई. (4) 1257 ई.

70. सुलेमान द मैग्नीफिसंट अपने लोगों के बीच किस सम्मानसूचक नाम से जाना जाता था :

(1) निशान्ची (2) अल-क़ानूनी

(3) अल-शेख अल रईस (4) अल-मुअल्लिम अल-सानी

71. निम्नलिखित में से कौन सी जोड़ी सही **नहीं** है ?

(1) क़ुस्तुन्तुनिया की विजय - 1453 ई.

(2) हात-ए-शरीफ़-ए गुलहाने - 1839 ई.

(3) ख़िलाफ़त का अन्त - 1924 ई.

(4) सलीम-I द्वारा मिस्र की विजय - 1671 ई.

72. इस प्रश्न में चार वाक्य हैं। नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर को चिह्नित कीजिए।

(a) अमीर हसन आला सिज्ज़ी, शेख़ निज़ामुद्दीन औलिया के ख़लीफ़ा थे।

(b) गोसू दराज़ का मक़बरा बिदर में स्थित है।

(c) बुरहानुद्दीन ग़रीब, शेख़ नसीरूद्दीन चिराग़ देहलवी के ख़लीफ़ा थे।

(d) 'ख़ैरुल मजालिस' शेख़ नसीरूद्दीन चिराग़ देहलवी के 'मलफ़ूज़ात' हैं।.

**कूट :**

(1) (a) और (b) सही हैं लेकिन (c) और (d) गलत हैं।

(2) (a) और (d) सही हैं लेकिन (b) और (c) गलत हैं।

(3) (d) और (b) सही हैं लेकिन (a) और (c) गलत हैं।

(4) (b) और (a) सही हैं लेकिन (d) और (c) गलत हैं।

73. तुर्की का सर्वाधिक प्रसिद्ध वास्तुकार कौन था ?

(1) अल-बयासी (2) हुनैन इब्न इस्हाक़

(3) अल-मौसिली (4) सिनान

74. इस्मत इनोनो कहाँ का प्रधानमंत्री था ?

(1) तुर्की (2) अल्जीरिया (3) मिस्र (4) स्पेन

www.careerindia.com

CAREERINDIA

75. Ibn al-Nafis elaborated the theory of circulation of blood in his commentary on the anatomical portion of the book :

(1) Al-Hawi fi-al-Tibb (2) Al-Qanun fi-al-Tibb

(3) Al-Tasrif (4) Kamil al-Sina'at fi-al-Tibb

76. Author of the book 'Firdaws al-Hikmah' was :

(1) Ibn Rushd (2) Ali Ibn Sahl al-Tabari

(3) Ibn al-Jazzar (4) Ibn Zuhr

77. One of the following was the greatest historical philosopher produced by Islam :

(1) Ibn Khaldun (2) Ibn Khallikan

(3) Ibn Qutaybah (4) Sā'id Ibn Ahmad al-Andalusi

78. Which of the following is **not** correctly matched ?

(1) Ahmad al-Qalqashandi - Subh al-A'sha

(2) Shamsuddin al-Dimashqi - Al-Wafi bi-al-Wafayat

(3) Abul Fida - Taqwim al-Buldan

(4) Ibn Hajar - Al-Durar al-Kaminah

79. The book Al-Ahkam-al-Sultaniyah is authored by :

(1) Ibn Rushd (2) Ibn Khallikan

(3) Al-Mawardi (4) Ibn Al- Athir

80. The Muhammadan Anglo oriental college got the status of University in the year :

(1) 1914 A.D. (2) 1920 A.D. (3) 1924 A.D. (4) 1930 A.D.

81. Ibn Taymiyah was born in :

(1) Harran (2) Tehran (3) Cairo (4) Taif

82. Ibn Khaldun was appointed as Maliki Qazi (Judge) by :

(1) Mansur Qalawun (2) Zahir Barquq

(3) Zahir Baybars (4) Al Nasir

www.careerindia.com

CAREERINDIA

75. इब्न अल-नफ़ीस ने रक्त संचार सिद्धांत को किस पुस्तक के शरीर रचना संबंधी भाग पर अपनी टिप्पणी में विस्तारपूर्वक बताया है ?

(1) अल-हावी फ़ी-अल-तिब्ब
(2) अल-क़ानून फ़ी-अल-तिब्ब
(3) अल-तसरीफ़
(4) कामिल अल-सिनआ अत फ़ी-अल-तिब्ब

76. 'फ़िरदौस अल हिकमा' किताब के लेखक थे :

(1) इब्न रुश्द
(2) अली इब्न सहल अल-तबरी
(3) इब्न अल-जज़्ज़ार
(4) इब्न ज़ुहर

77. निम्नलिखित में से इस्लाम के महान ऐतिहासिक दार्शनिक कौन थे ?

(1) इब्न ख़ल्दून
(2) इब्न ख़ल्लिकान
(3) इब्न क़ुतैबह
(4) साईद इब्न अहमद अल-अन्दलूसी

78. निम्नलिखित में से कौन सी जोड़ी सही **नहीं** है ?

(1) अहमद अल-क़ल्क़शंदी - सुब्ह अल-आशा
(2) शम्सुद्दीन अल-दिमश्क़ी - अल-वाफ़ी बी-अल-वफ़ायात
(3) अबुल फिदा - तक़्वीम अल-बुल्दान
(4) इब्न हजर - अल-दुरर अल-कामिना

79. "अल एहकाम अल सुलतानिया" नामक पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई ?

(1) इब्न रुश्द
(2) इब्न ख़ल्लिकान
(3) अल मावर्दी
(4) इब्न अल-असीर

80. मोहम्मडन एंग्लो ओरियन्टल कॉलेज को किस वर्ष विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त हुआ ?

(1) 1914 ई.
(2) 1920 ई.
(3) 1924 ई.
(4) 1930 ई.

81. इब्न तैमियह का जन्म स्थान था :

(1) हर्रान
(2) तेहरान
(3) क़ाहिरा
(4) ताएफ़

82. इब्न ख़ल्दून किस के द्वारा मालिकी क़ाज़ी (न्यायाधीश) नियुक्त किये गये ?

(1) मनसूर क़लाऊन
(2) ज़ाहिर बरक़ूक़
(3) जाहिर बेबरस
(4) अल नासिर

www.careerindia.com

CAREERINDIA

83. Hasan al Banna was martyred in the year :

(1) 1939 A.D. (2) 1949 A.D. (3) 1954 A.D. (4) 1959 A.D.

84. Arrange the following scholars chronologically. Use the code given below :

(a) Ibn Taymiyah

(b) Al Mawardi

(c) Al Ghazali

(d) Ibn Khaldun

**Code :**

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (c), (a), (d), (b)

(3) (b), (c), (a), (d) (4) (d), (b), (c), (a)

85. Muhammad Abduh was the rector of :

(1) Madrasah-e-Nizamiyah (2) Jamia Azhar

(3) Darul Hikmah (4) Bait-al Hikmah

86. Arrange the following scholars according to the date of their demise. Use the code given below :

(a) Muhammad Abduh

(b) Hasan al Banna

(c) Sir Syed Ahmad Khan

(d) Allama Iqbal

**Code :**

(1) (c), (a), (d), (b) (2) (b), (d), (a), (c)

(3) (d), (b), (c), (a) (4) (a), (c), (b), (d)

87. The Arab Philosopher who regarded the Neo-Pythagorean mathematics as the basis of all sciences was :

(1) Al-Farabi (2) Al-Kindi (3) Al-Ghazali (4) Ibn Rushd

88. The Arab Philosopher who syncretised Platonism, Aristotelianism and Sufism was :

(1) Al-Razi (2) Al-Ghazali (3) Al-Kindi (4) Al-Farabi

89. *Tahafut Tahafut al-Falasifah* , was written by :

(1) Al-Ghazali (2) Al-Farabi (3) Ibn Rushd (4) Ibn Tufayl

www.careerindia.com

CAREERINDIA

83. हसन अल बन्ना किस वर्ष शहीद हुए थे ?

(1) 1939 ई. (2) 1949 ई. (3) 1954 ई. (4) 1959 ई.

84. निम्नलिखित विद्वानों को कालानुसार व्यवस्थित कीजिए। नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कीजिए :

(a) इब्न तैमियह

(b) अल मावर्दी

(c) अल ग़ज़ाली

(d) इब्न ख़ल्दून

**कूट :**

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (c), (a), (d), (b)

(3) (b), (c), (a), (d) (4) (d), (b), (c), (a)

85. मुहम्मद अब्दुह किस शैक्षिक संस्था के रेक्टर थे ?

(1) मदरसा-ए-निज़ामिया (2) जामिया अज़हर

(3) दारुल हिकमह (4) बैतुल हिकमह

86. निम्नलिखित विद्वानों को उनकी मृत्यु के वर्ष के अनुसार व्यवस्थित कीजिए। नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कीजिए :

(a) मुहम्मद अब्दुह

(b) हसन अल बन्ना

(c) सर सैय्यद अहमद ख़ाँ

(d) अल्लामा इक़बाल

**कूट :**

(1) (c), (a), (d), (b) (2) (b), (d), (a), (c)

(3) (d), (b), (c), (a) (4) (a), (c), (b), (d)

87. वह अरब दार्शनिक जिसने नव पाइथागोरियाई गणित का सभी विज्ञानों के आधार से विचार किया था :

(1) अल-फाराबी (2) अल-किन्दी (3) अल-ग़ज़ाली (4) इब्न रूश्द

88. वह अरब दार्शनिक जिसने प्लेटोवाद, अरस्तूवाद और सूफ़ीवाद को समन्वित किया था :

(1) अल-राज़ी (2) अल-ग़ज़ाली (3) अल-किन्दी (4) अल-फ़ाराबी

89. *तहाफ़ुत तहाफ़ुत अल-फलासिफ़ा* किसके द्वारा लिखी गई ?

(1) अल-ग़ज़ाली (2) अल-फ़ाराब्री (3) इब्न रुश्द (4) इब्न तुफ़ैल

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**90.** This question consists of three statements. Indicate the **correct** answer from the alternatives given below by using the code :

(a) Caliph Hisham was considered by Arab Historians as the last statesman of the house of Umayyah.

(b) The magnificent Dome of the Rock was built by Caliph Abdul Malik.

(c) Dome of the Rock is located in Damascus.

**Code :**

(1) (a) and (c) are correct, but (b) is wrong.

(2) (a) and (b) are correct, but (c) is wrong.

(3) (b) is correct, but (a) and (c) are wrong.

(4) (b) and (c) are correct, but (a) is wrong.

**91.** The city of Ramlah in Palestine was built by :

(1) Caliph Abdul Malik
(2) Caliph Umar Bin Abdul Aziz
(3) Caliph Sulayman
(4) Caliph Hisham

**92.** This question comprises three statements. Indicate the **correct** answer from the alternatives given below by using the code :

(a) Nasiruddin Tusi considerably advanced the knowledge of Planetary Astronomy

(b) He criticised Ptolemy for his views expressed in the Almagest

(c) Tusi did his research work at the Shammasiyah Observatory

**Code :**

(1) (a) is correct, but (b) and (c) are wrong.

(2) (a) and (c), are correct, but (b) is wrong.

(3) (a) and (b) are correct, but (c) is wrong.

(4) (b) and (c) are correct, but (a) is wrong.

**93.** The Bhakti movement was initiated as a cult of love and devotion by the :

(1) Alvār and Adiyar Brahmins

(2) Pandits and Pujaris of North-India

(3) Lingayats

(4) Nag Panthis

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**90.** इस प्रश्न में तीन कथन हैं। कूट का प्रयोग करते हुए नीचे दिये गये विकल्पों में से **सही** उत्तर दीजिए :

(a) अरब इतिहासकारों द्वारा ख़लीफ़ा हिशाम को उमवियों के अंतिम राजनीतिज्ञ के रूप में माना गया था।

(b) कुब्बतुस्सख़रा ख़लीफ़ा अब्दुल मलिक द्वारा बनवाया गया था।

(c) कुब्बतुस्सख़रा दमिश्क में स्थित है।

**कूट :**

(1) (a) और (c) सही हैं, लेकिन (b) गलत है।

(2) (a) और (b) सही हैं, लेकिन (c) गलत है।

(3) (b) सही है, लेकिन (a) और (c) गलत हैं।

(4) (b) और (c) सही हैं, लेकिन (a) गलत है।

**91.** फ़िलिस्तीन में रमला शहर किसके द्वारा बनाया गया :

(1) ख़लीफ़ा अब्दुल मलिक

(2) ख़लीफ़ा उमर बिन अब्दुल अज़ीज़

(3) ख़लीफ़ा सुलेमान

(4) ख़लीफ़ा हिशाम

**92.** इस प्रश्न में तीन कथन समाहित हैं। कूट का प्रयोग करते हुए नीचे दिये गये विकल्पों में से **सही** उत्तर इंगित करें :

(a) नसीरुद्दीन तूसी ने सार्वभौमिक खगोलविद्या के ज्ञान को काफी आगे बढ़ाया।

(b) उसने अल्मजिस्ट में वर्णित टॉल्मी के विचारों की आलोचना की।

(c) तूसी ने अपना शोधकार्य शम्मासियह वेधशाला में किया।

**कूट :**

(1) (a) सही है, लेकिन (b) और (c) ग़लत हैं।

(2) (a) और (c) सही हैं, लेकिन (b) ग़लत है।

(3) (a) और (b) सही हैं, लेकिन (c) गलत है।

(4) (b) और (c) सही हैं, लेकिन (a) गलत है।

**93.** भक्ति तहरीक प्रेम और समर्पण के पंथ के रूप में किसके द्वारा आरंभ किया गया ?

(1) आलवार और आदियार ब्राह्मण

(2) उत्तर-भारत के पंडितों और पुजारियों द्वारा

(3) लिंगायत

(4) नागपंथी

www.careerindia.com

CAREERINDIA

94. The sect which restricted the number of visible imams to seven is known as :

(1) Ithna-Asharis (2) Zaydis (3) Ismailis (4) Akhbaris

95. The concept of 'Pan-Ottomanism' was propounded by :

(1) Kamal Ataturk (2) Zia Gokalp

(3) Young Turks (4) Committee of Union and Progress

96. The greatest Arab Indologist was :

(1) Al Masūdi (2) Al Biruni

(3) Merchant Sulayman (4) Ibn Battutah

97. Khalid Ibn Barmak was the first incumbent of the office of :

(1) Qazi al Quzat (2) Muhtasib

(3) Vizier (4) Diwan Al Barid

98. The first mosque erected in a conquered land was that of :

(1) Al-Kufah (2) Al-Basrah

(3) Al-Qahirah (4) Al-Qyrawan

99. Inventor of the Muhaqqaq style of Calligraphy was :

(1) Rayhani (2) Ibn Muqlah

(3) Ibn al-Bawwab (4) Ibrahim al-Mawsili

100. One of the following was the greatest writer on the theory of music :

(1) Al-Mawardi (2) Al-Farabi (3) Al-Kindi (4) Ziryab

- o O o -

www.careerindia.com

CAREERINDIA

94. वह समुदाय जिसने सात दृश्य इमामों पर विश्वास करता है, कहलाता है :

(1) इस्ना - अशरी (2) ज़ैदी (3) इस्माईली (4) अख़बारी

95. 'पॉन ऑटोमानिज़्म' की संकल्पना किसने प्रतिपादित की थी ?

(1) कमाल अतातुर्क (2) ज़िआ गोकल्प

(3) यंग तुर्क (4) एकता और प्रगति की समिति

96. महान अरब भारतीय विद्याशास्त्री (इन्डोलॉजिस्ट) था :

(1) अल मसूदी (2) अल बिरुनी

(3) सुलेमान ताजिर (4) इब्न बतूता

97. खालिद इब्न बर्मक किस कार्यालय का पहला पदाधिकारी था ?

(1) क़ाज़ी अल क़ुज़ात (2) मुहतसिब

(3) वज़ीर (4) दीवानुल बरीद

98. जीती गई भूमि पर बनाई गई पहली मस्जिद कहाँ की है ?

(1) अल-कूफ़ा (2) अल-बसरा

(3) अल-क़ाहिरा (4) अल-क़ैरवान

99. कैलीग्राफ़ी (सुलेखन) की मुहक़्क़क़ शैली के आविष्कारक थे :

(1) रैहानी (2) इब्न मुक़्लह

(3) इब्न अल बव्वाब (4) इब्राहीम अल-मौसिली

100. संगीत के सिद्धांत पर निम्नलिखित में से प्रसिद्ध लेखक थे :

(1) अल-मावर्दी (2) अल-फ़ाराबी (3) अल-किन्दी (4) जिरयाब

- o O o -

www.careerindia.com

**Space For Rough Work**

www.careerindia.com